दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, गुरूवार 30 सितंबर 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर 2 अक्टूबर को

रायगढ़। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती तिथि 2 अक्टूबर 2021 को अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े की मुख्य आतिथ्य में विकासखण्ड सारंगढ़ के ग्राम-लेन्ध्रा में पूर्वान्ह 11 बजे से हाईस्कूल शाला प्रांगण में आयोजित की जाएगी।

### कलयुगी बेटे ने कुल्हाड़ी से मारकर कर दिया पिता की हत्या

रायगढ़ (आरएनएस)। रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाक के ग्राम बरदापुटी गांव में एक बेटे ने अपने पिता को कुल्हाड़ी से तबाड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार पुसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरदापुटी में 29 सितंबर सुबह करीब साढ़े 7 बजे आरोपी राम बिहारी सारथी 30 वर्ष ने अपने पिता मुखीराम सारथी 60 वर्ष को कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक को संदेह था कि उसकी पत्नी और उसके पिता का अवैध संबंध है। इस मामले को लेकर पहले पूर्व में ग्राम प्रधानों के बीच मीटिंग भी आयोजित हो चुकी थी।

### प्रदेश के 15 जिलों में 28 सितम्बर को कोरोना का नया मामला नहीं

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के 15 जिलों में 28 सितम्बर को कोरोना का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। इस दिन प्रदेश भर में हुए 23 हजार 050 सैंपलों की जांच में 26 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। राज्य के दो जिलों कबीरधाम और नारायणपुर में वर्तमान में एक भी व्यक्ति कोरोना पीड़ित नहीं है। कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने और रोज कम संख्या में नए मरीज मिलने के कारण कोविड-19 के सक्रिय मामले तेजी से घट रहे हैं। प्रदेश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या 283 है। राज्य में औसत पॉजिटिविटी दर 0.11 प्रतिशत है। बीते 28 सितम्बर को बालोद, कबीरधाम, धमतरी, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, रायगढ़, कोरबा, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, कोरिया, बस्तर, कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिले में कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नहीं आया है।

### तेलंगाना की ट्रक में लेकर जा रहे 12 मवेशियों को बजरंग दल ने पकड़ा

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर ब्लॉक के ग्राम मधोता से तेलंगाना की ट्रक में 12 मवेशियों को ले जाया जा रहा था। मवेशियों को भद्राचलम ले जा रहे ट्रक को बजरंग दल द्वारा पकड़ने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। नगर अध्यक्ष व अधिवक्ता पवन राजपूत ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल ही तेलंगाना की ट्रक में 12 मवेशियों को ले जा रहे ट्रक को बड़े चकवा के पास वाहन को रोका इस दौरान ट्रक का ड्राइवर अपने दो साथियों के साथ खेत की तरफ भागने में कामयाब हो गये, जबकि एक ट्रक सवार पशु तस्कर बानूद रेड्डी को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दौड़ाकर पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस को ट्रक और मवेशियों को उनके सुपुर्द कर दिया गया है। ट्रक में एक मवेशी मृत पाया गया, जिसका पोस्टमॉर्टम करवाकर लोहंडीगुड़ा में पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार करवाया गया। बजरंग दल के नगर अध्यक्ष व अधिवक्ता पवन राजपूत के नेतृत्व में अपराध दर्ज करवाया गया है।

### 3 किलो गांजा के साथ धरसींवा पुलिस ने एक आरोपी को ग्राम कुरा से किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस अधीक्षक बदले जाने के बाद से लगातार रायपुर में अवैध कारोबारियों के ऊपर कार्यवाही की जा रही है, इसी बीच धरसींवा पुलिस ने एक गांजा व्यापारी को गिरफ्तार किया है, , धरसींवा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुरा में एक मकान के पास एक व्यक्ति गांजा बिक्री के फिराक से घूम रहा है, जिस पर वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन व थाना प्रभारी धरसींवा के.के.वाजपेयी के नेतृत्व में थाना धरसींवा पुलिस दे टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम पुनित राम साहू निवासी ग्राम कुरा धरसींवा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा पुनित राम के पास रखें थैले की तलाशी लेन पर थैला के अंदर पॉलिथीन में मादक पदार्थ गांजा रखा होना पाया गया। जिसके बाद धरसींवा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर नारकोटिक्स एक्ट की तहत कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कलेक्टर भीम सिंह ने रायकेरा में एनटीपीसी तलाईपाली प्रभावित ग्रामवासियों व प्रबंधन की ली संयुक्त बैठक





रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने आज रायकेरा में एनटीपीसी तलाईपाली के पास 7 प्रभावित गांवों के प्रतिनिधियों तथा एनटीपीसी प्रबंधन की संयुक्त बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्रभावित गांवों से पहुंचे लोगों की समस्यायें सुनी तथा मौके पर उसका निराकरण किया। उन्होंने कहा कि जो गांव विस्थापित होकर नये जगहों पर बस रहे है, वहां स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन जैसी मूलभूत अधोसंरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों को उक्त गांवों का सर्वे अगले एक माह में करते हुए निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

गांवों से पहुंचे लोगों ने गांवों में आवागमन हेतु बेहतर सड़क, शुद्ध पेयजल व समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग भी रखी। कलेक्टर सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में पेयजल आपूर्ति की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिसमें प्राथमिकता से इन प्रभावित गांवों में काम किए जायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए भी राशि प्राप्त हो चुकी है। जिसे जनपद के माध्यम से जल्द लगाया जाएगा। कुछ लोगों द्वारा पुनर्वास का लाभ नहीं मिलने की बात भी रखी। इस पर कलेक्टर सिंह ने एसडीएम घरघोड़ा को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे प्रकरणों को चिन्हांकित करते हुए पात्रता अनुसार पुनर्वास का लाभ संबंधित को दिलवायें। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक तीन माह में ग्रामवासियों तथा एनटीपीसी प्रबंधन की बैठक ली जाए। बैठक में इन गांवों से पहुंचे युवा वर्ग के प्रतिनिधियों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात रखी। कलेक्टर सिंह ने कहा कि हमारा लगातार प्रयास है कि स्थानीय स्तर पर स्किल्ड युवाओं को पहले नौकरी मिले। उन्होंने एनटीपीसी के प्रबंधन से युवाओं की योग्यता के अनुसार प्राथमिकता से उन्हें रोजगार देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं के क्षमता विस्तार के लिए उन्हें स्थानीय स्तर पर विभिन्न ट्रेड व स्किल की ट्रेनिंग देने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन, एसडीएम घरघोड़ा अशोक मार्बल व एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारियों सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**रायकेरा स्कूल का किया निरीक्षण**

रायकेरा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10 वीं एवं 11 वीं का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली। कोरोना को लेकर बच्चों की जागरूकता को भी सवालों के जरिए परखा। उन्होंने बच्चों को कोर्स की पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान के लिए नियमित रूप से अखबार पढ़ने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आज देश-दुनिया में जो भी घट रहा है उससे जुड़ी जानकारी अखबारों से घर बैठे मिलती है। अखबार पढ़ने से पठन के साथ-साथ लेखन कौशल में भी सुधार आता है।

## बाल संदर्भ शिविर में 116 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



रायगढ़। मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के अंतर्गत कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज स्थानीय जंजगर, रायगढ़ में बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया। बाल संदर्भ शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा 116 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाई वितरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में जेएसपीएल का भी विशेष सहयोग रहा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शासकीय एवं निजी शिशु रोग विशेषज्ञों की सेवाएं ली जा रही है। जिले में अब तक कुल 115 शिविर आयोजित किए जा चुके है। जिसमें 3 हजार से अधिक बच्चे लाभान्वित हो चुके है। इसी कड़ी में आज शहरी क्षेत्र के जंजगर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के माध्यम से कुपोषित शिशुओं को आवश्यक दवाई प्रदाय की गई। डॉक्टरों द्वारा शिशुओं के अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में जिला चिकित्सालय रायगढ़ एवं जिंदल फोर्टिस हास्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.श्वेता कोम्मा, डायटिशियन पूजा पाण्डेय, डॉ.सुमीत गुप्ता, महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी नितेन रंजन बेहरा, चेतना पटेल, नेहा अग्रवाल, दीपा सिंह, रेखा सोनी तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहे।

## धरमजयगढ़ के सरिया नाले पर पुल निर्माण हेतु भेजा गया है प्रस्ताव

**» विद्यार्थियों को वर्षा के दौरान इस नाले के रास्ते से आवागमन करने हेतु की गई है मनाही**


रायगढ़। जान जोखिम में डालकर जिंदगी गढ़ने जाते स्कूली बच्चों के संबंध में खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि शा.उ.मा.वि.खड़गांव विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-कोन्ध्रा से अध्यापन हेतु 30 विद्यार्थी कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक आना-जाना करते है। ग्राम-कोन्ध्रा से खड़गांव की दूरी 3 कि.मी.के लगभग है, किन्तु कोन्ध्रा एवं खड़गांव के मध्य सरिया नाला पड़ता है, जिस पर पुल नहीं है। कोन्ध्रा से सेमीपाली होकर आने-जाने में 10 से 12 कि.मी.की दूरी पड़ता है तथा बीच रास्ता जंगल का होने के कारण हाथी प्रभावित क्षेत्र में है। कोन्ध्रा से खड़गांव की दूरी कम होने के कारण विद्यार्थी अध्यापन हेतु नाला पार कर आना-जाना करते है। वर्षा नहीं होने पर नाला में पानी कम रहता है एवं आवागमन में परेशानी नहीं होती है। कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण अश्वनी कुमार ने बताया कि इस नाले पर पुल निर्माण के लिए 20 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर बजट में शामिल किए जाने हेतु शासन को भेजा गया है। जिसकी स्वीकृति मिलने के पश्चात आगे का कार्य किया जाएगा। इस बीच जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्षा के दौरान नाला के रास्ते से आवागमन करने हेतु मना किया गया है। इसके लिए स्कूल के प्रिंसीपल के माध्यम से बच्चों की काउंसिलिंग कर उन्हें पानी होने पर नाले से आवागमन करने के संभावित स्वास्थ्य संबंधी तथा अन्य दुष्परिणामों से अवगत कराया गया है तथा शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## विश्व वयोवृद्ध का आयोजन 1 अक्टूबर को

रायगढ़। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अक्टूबर को विश्व वयोवृद्ध दिवस का आयोजन किया जाना है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष हेतु डिजिटल 'इक्विटी फार आल ऐजेस' थीम निर्धारित किया गया है। विश्व वयोवृद्ध दिवस के अवसर पर जनसमुदाय में जागरूकता लाने संबंधी गतिविधियां जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच.एस.उरांव ने समस्त खण्ड एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा को निर्देशित करते हुए कहा है कि विश्व वयोवृद्ध दिवस के अवसर पर समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्पेशल वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल ओपीडी सर्विस प्रदान किया जावें। वयोवृद्ध संरक्षण पर आधारित राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर जन समुदाय में जागरूकता लाने हेतु माईकिंग विडियों, ऑडियों, रेडियो जिंगल, बेनर, पोस्टर, पॉम्पलेट, दिवाल लेखन इत्यादि कर जन समुदाय को विभिन्न विषयों पर स्वास्थ्य जीवन शैली की जानकारी दें। विश्व वयोवृद्ध दिवस के अवसर पर रेडियो एवं टीवी के माध्यम से जन जागरूकता हेतु साप्ताहिक प्रचार-प्रसार अभियान किया जाये। स्थानीय रेडियो एवं टीवी पर वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल विषय पर मौखिक वार्तालाप से जन जागरूकता का आयोजन करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकता अनुरूप वयोवृद्ध व्यक्तियों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण की व्यवस्था करवायें। वयोवृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य परीक्षण पर निरंतर जन समुदाय को शिक्षित करें। जिले के स्वास्थ्य टीम वृद्ध आश्रम में वयोवृद्ध लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये प्रोत्साहित करें। वयोवृद्ध में होने वाले सामान्य रोग संबंधी ऑनलाईन सेमीनार का आयोजन करें एवं वयोवृद्ध व्यक्तियों को होम बेस्ट केयर सुविधा भी प्रदान करायें। ऐसे परिवार जहां वयोवृद्ध व्यक्ति निवास करते हैं उनके परिवार के सदस्यों को वृद्ध व्यक्ति के देखभाल के लिए स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करें। वर्तमान में कोविड-19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये वयोवृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा सकता है किन्तु ध्यान रहें कि कोविड-19 नियमों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन ना हो। वयोवृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजन करने हेतु विभागीय तथा अंतर्विभागीय विभागों से समन्वय कर सहयोग किया जावे। वृद्धजनों के लिए विशेष ओपीडी विकासखण्ड स्तर पर लगाया जाना है तथा 60 से उपर के सभी वयोवृद्ध मरीजों को चिन्हांकित कर उनका हेल्थ चेकअप ब्लडप्रेशर, शुगर इत्यादि अपने स्तर पर करायें। साथ ही गंभीर स्वास्थ्य समस्या वाले मरीजों को 1 अक्टूबर 2021 को समय प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक जिला स्तर पर डीईआईसी जतन केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में सभी मरीजों को रेफर कराना सुनिश्चित करें। गंभीर मरीजों को विकासखण्ड स्तर से सरकारी गाड़ी (एम्बुलेंस, आरबीएसके वाहन, हाट बाजार वाहन इत्यादि) के माध्यम से मरीजों को रेफर करायें।

## कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिजनों को अनुदान सहायता देने निर्देश जारी



रायगढ़। छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय रायपुर द्वारा कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को अनुदान सहायता देने के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आदेश जारी किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में अपर कलेक्टर रायगढ़ ने जिले के समस्त तहसीलदार को सूचित करते हुए कहा है कि कोविड-19 वायरस के प्रभाव से मृत व्यक्तियों के परिजनों को अनुदान सहायता राशि 50 हजार रुपये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा दिए जाने हेतु निर्धारित किए जाने के कारण मृत व्यक्तियों के निकटतम संबंधी/आवेदक को अनुदान राशि आधार लिंक्ड प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डायरेक्ट बेनिफिट)की प्रक्रिया के माध्यम से भुगतान किया जाना है। रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त तहसीलदार अपने क्षेत्र में कोविड-19 वायरस से मृत व्यक्तियों के निकटतम संबंधी/आवेदक पत्र निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त करेंगे। आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण-पत्र, मृतक का आधार कार्ड, आवेदक का आधार कार्ड, आवेदक के बैंक पास बुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, राशन कार्ड, मृत व्यक्ति से आवेदक के संबंध में पटवारी या राजस्व निरीक्षक का जांच प्रतिवेदन संलग्न कर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति हेतु प्रकरण सह दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती

**» जिले के किसानों को अब तक मिल चुकी है 496 करोड़ रुपये की आदान सहायता**





रायगढ़। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। यहां की 75 फीसदी से अधिक आबादी गांवों में निवास करती है। जो परोक्ष या अपरोक्ष रूप से कृषि कार्यो से जुड़ी हुई है। ऐसे में प्रदेश सरकार की नीतियों, योजनाओं का प्रमुख आधार इस ग्रामीण आबादी को स्थानीय स्तर पर कृषि के विकास हेतु बेहतर संभावनाएं उपलब्ध कराना है। जिसे शासन राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिये बखूबी पूरा कर रही है। योजना के माध्यम से किसानों को फसलों के लिए आदान सहायता दी जा रही है। धान की परंपरागत खेती के साथ दूसरी फसलों को भी योजना के दायरे में शामिल किया गया है। जिससे फसल विविधीकरण के साथ फसल संतुलन को बढ़ावा मिले। इसके सकारात्मक परिणाम भी आज सामने है। किसानों को आर्थिक मजबूती मिली है। रायगढ़ जिले में इस योजना से किसानों को बीते डेढ़ सालों में 496 करोड़ 88 लाख रुपये कृषि आदान सहायता के रूप में मिल चुके है। इस सहायता ने किसानों के चेहरे की चमक और खेती में उनके रुझान दोनों को बढ़ा दिया है। सरकार की यह योजना आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का सबसे प्रमुख आधार बन रही है।

रायगढ़ जिले के किसान इस योजना के लाभ को समझते हुये अपनी रूचि अनुसार धान के रकबे को कम करते हुए सुगंधित धान दलहन, तिलहन एवं वृक्षारोपण के रकबे में परिवर्तन कर रहे है। किसान इस योजना को लेकर बेहद उत्साहित है क्योंकि उनको फसल उत्पादन के अलावा प्रति एकड़ के मान से 9 हजार रुपये एवं 10 हजार रुपये का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। जिले में वृक्षारोपण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को डी.एम.एफ. के द्वारा पौधों का भी निःशुल्क वितरण किया गया है, जिससे उनको निःशुल्क पौधे के साथ-साथ उत्पादन के अलावा प्रति एकड़ के मान से 10 हजार रुपये तीन वर्ष तक अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिलने वाले लाभ से खुश होकर किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं।

रायगढ़ जिले में खरीफ वर्ष 2021 में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान के बदले दलहन-तिलहन, वृक्षारोपण एवं अन्य फसलों को बढ़ावा देने हेतु रकबा 39 हजार 937 हे. प्रस्तावित है जिसके विरूद्ध में सुगंधित धान, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, दलहन, तिलहन, वृक्षारोपण एवं अन्य फसल रकबा 39 हजार 439 हे. 98.75 प्रतिशत की पूर्ति कृषकों के सहमति से हुई है। जिले में खरीफ वर्ष 2021 में धान के बदले वृक्षारोपण करने हेतु रकबा 350.416 हे.प्रस्तावित है जिसके विरूध में वृक्षारोपण रकबा 333.539 हेक्टेयर कि पूर्ति वर्तमान में हुई है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जिले में 2020-21 में धान के बदले दलहन-तिलहन एवं अन्य फसलों से किसानों को लाभान्वित किया गया था। जिसमें धान में 01 लाख 01 हजार 72 तथा दलहन-तिलहन में 01 हजार 471 कृषक लाभान्वित हुए। जिनमें प्रथम किश्त के रूप में 86 करोड़ 86 लाख 83 हजार रुपये एवं द्वितीय किश्त 86 करोड़ 90 लाख 88 हजार रुपये जारी किए जा चुके है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480